**खबर संक्षेप**

## बद्रीनाथ महाकुल समाज के अध्यक्ष मनोनीत

**जशपुरनगर।** फरसाबहार विकासखंड के करियामुंडा में विकासखंड स्तरीय सामाजिक महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महाकुल समाज के ब्लॉक इकाई फरसाबहार के अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। महासभा में उपस्थित समाज के लोगों द्वारा सर्व सहमति से निर्णय लेकर निर्धारित तिथि से पूर्व में तामामुड़ा में आयोजित सभा में चुने गए पदाधिकारियों को शून्य घोषित किया गया और विकासखंड स्तरीय महासभा करियामुंडा में सर्व सहमति से बद्रीनाथ आपट को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इसी प्रकार प्रेम कुमार यादव को उपाध्यक्ष एवं निमिष कुमार यादव को सचिव बनाया गया।

## टोनही प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम खरकट्टा, खालपारा निवासी पार्वती भगत पति महेश भगत उम्र 33 वर्ष ने पड़ोसियों के टोनही कहकर प्रताड़ित किए जाने से त्रस्त होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर एसपी से जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। आरोपियों ने पंचायत की समझाइश को भी मानने से इनकार कर दिया है। आवेदन में कहा है कि मेरे पडोसी अपील पिता जीतन,संदीप पिता जीतन और जीतन पिता लोधो द्वारा पिछले कई सालों से टोनही कहकर प्रताड़ित किया जा रहा है। इनके द्वारा हमेशा मुझे मारने की धमकी भी जाती है। हद तो तब हो गई जब उक्त लोगों ने 31 मई को शाम 7 बजे जब मैं लघुशंका के लिए अपने बड़ी में जा रही थी तब इन लोगों ने मुझे घेर कर मारने की बात कही। मैं डर गई और भागकर अपने बच्चों के पास आ गई। रात को पति के घर आने के बाद घटना की जानकारी दी। दूसरे दिन सरपंच मुन्ना पोर्ते से शिकायत की। पंचायत में उन्हें बुलाने और समझाने पर उन्होंने कहा,कि आप लोंगो को जो करना है कीजिए हमे जो करना है हम करेंगे। 2 जून को पत्थलगांव थाने मे शिकायत करने पर कार्रवाही का आश्वासन देकर हमे विदा कर दिया गया ,लेकिन आज तक कोई कार्रवाही नही की गई है। न ही हमारे आवेदन की पावती दी गई है। मेरे और मेरे परिवार को हमेशा अपनी जान का खतरा बना हुआ है। अगर कार्रवाही नही की गई तो मेरे और परिवार के साथ कोई भी अनहोनी घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## अवैध उत्खनन में लगे आधा दर्जन वाहन को किया जब्त

**सक्ती ।** रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहन की जब्ती बनाकर वाहनों को थाने में रखा गया है। उक्त कार्रवाई गौण खनिज अधिनियम के तहत की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग उडनदस्ता के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करते हुए शुक्रवार 14 जून को ग्राम बरेकेल में 5 ट्रेक्टर तथा हसौद में 1 ट्रेक्टर इस प्रकार कुल 6 ट्रेक्टर में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये पाए जाने पर जब्त किया जाकर थाना हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया।

### दीवार तोड़कर घर में रखा अनाज खा गए

# डूमरटोली में हाथियों ने मचाया उत्पात




हाथियों द्वारा ग्रामीण के तोड़े गए मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर हाथियों को भगाया

कुनकुरी रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोंडापानी के डूमरटोली में दो हाथियों ने गांव में घुसकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों ने घर तोड़ कर चावल एवं धान को खा लिया। साथ ही बोरवेल के तार एवं उसके अंदर लगे पाइप को भी तोड़कर काफी क्षति पहुंचाया है। मकान मालिक सेलेबेस्टर के घर से बाहर निकलते ही अचानक हाथी उसके घर को तोड़ने लगे।

मकान मालिक वापस आकर देखा तो उसके होश उड़ गए। दो हाथी दीवार को तोड़ कर वहां रखा धान व चावल को खा रहे थे। हाथी की आवाज सुन कर ग्रामीण इकट्ठा होकर हाथियों को वहां से भगाया। हाथी खारीझरिया जंगल की ओर चले गए। क्षेत्र के ग्रामीण जंगली हाथी के तांडव से काफी भयभीत है। इधर ग्रामीणों ने जंगल विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि विभाग गहरी नींद में सो रहा हैं। न तो विभाग मुनादी कर लोकेशन की जानकारी देते और न हाथी गांव में न घुसे इसकी कोई व्यवस्था करते है। नाकेदार तो कभी कभार ही क्षेत्र में आता है। वहीं हाथियों की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणो का कहना है कि वन अमले की लापरवाही से हाथियों का आतंक बढ़ रहा है। वन विभाग हाथियों पर निगरानी नहीं रख रहा है। हाथी लगातार ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे लोगों में आक्रोश भी है। दिनभर जंगल में रहने के बाद हाथी रात को गांवों की तरफ आ रहे हैं दहशत की वजह से ग्रामीण रातभर जाग रहे हैं।

## तकनीशियन कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 20 को

**जशपुरनगर।** भारत सरकार व मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचलित दो वर्षीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित जा रही है। 20 जून को होने वाली इस परीक्षा के लिए आवश्यक योग्यताएं- (केवल युवकों के लिए) उम्र आयु-18 से 20 वर्ष। हाईस्कूल 50 प्रतिशत (अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय के साथ संस्थागत (नियमित ) छात्र के रूप में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण) हो। इच्छुक प्रतिभागी अपने 10वीं व 12वीं की अंकतालिका, बोर्ड सर्टिफिकेट, आधार कार्ड व 2 पासपोर्ट फोटो के साथ नीचे निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। यह लिखित परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से होगी, इस हेतु सभी प्रतिभागियों को अपने साथ एंड्रॉइड फोन लेकर आना होगा। परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय सहायक संचालन जिला कौशल विकास प्राधिकरण, प्रथम तल गौरव पथ रोड रणजीता स्टेडियम के सामने है। लिखित परीक्षा तिथि का समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न है।

# नक्सली मुठभेड़ में जशपुर का जवान नितेश एक्का शहीद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

■ विधायक ने दी श्रद्धांजलि

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में जशपुर निवासी नितेश एक्का नाम का जवान शहीद हो गया है।जशपुर विधायक श्रीमती रायमूनी भगत ने शहीद को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुवे इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को हिम्मत प्रदान करने ईश्वर से कामना किया है।

ज्ञात हो कि नारायणपुर जिले के ओरछा थाना अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है,इस अभियान में नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़ हुई जिसमें एक जवान शहीद हो गया है।यह जवान जशपुर के ग्राम पंचायत चराईडांड के सरपंच हेलरियुस एक्का का पुत्र नितेश एक्का है जो एसटीएफ के पदस्थ हो उक्त मुठभेड़ में शामिल था।

शाहिद जवान की माता का नाम नीलिमा एक्का और भाई का नाम अशोक एक्का है। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति के लिए कामना की है।

# आंगनबाड़ी बच्चों के पालक बनेंगे परवरिश के चैंपियन



■ यूनिसेफ के सहयोग से आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए रिस्पॉसिव पैरेटिव पर वर्कशाप

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में यूनिसेफ के सहयोग से जशपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रवेशित 0-6 वर्ष के बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए रेस्पोंसिव पेरेंटिंग पर एक दिवसीय वर्कशाप संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आज 14 जून को आयोजित हुआ ।

इस कार्यक्रम को ''परवरिश के चैंपियन'' नाम दिया गया है । सीईओ अभिषेक कुमार समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले की महिला बाल विकास की टीम बहुत अच्छी है।

एसटी बाहुल्य इस क्षेत्र में हम बच्चो के बेहतर जीवन के लिए आवश्यक सभी गुणो का विकास अवश्य करायेंगें। इसमें सीडीपीओ और सुपरवाइजर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आने वाले समय में आप सभी स्त्रोत प्रशिक्षक के रुप में कार्य करते हुए सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को अच्छी तरह प्रशिक्षित करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से उन्होने यूनिसेफ और विक्रमशीला एजुकेशन रिसर्च सोसाइटी को धन्यवाद भी दिया। यूनिसेफ की कंसल्टेन्ट व ट्रेनर श्रीमती गार्गी परदेशी और विक्रमशीला के राज्य प्रबंधक रविन्द्र यादव ने 125 सुपरवाईजर और परियोजना अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया ।

# कोतबा प्रीमियम लीग सीजन एक में बागबहार बना बाज़ीगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

■ 30 टीमों को हराकर खिताब किया अपने नाम



पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित अतिथि।

बीते 10 दिनों से हाईस्कूल मैदान में चल रहे कोतबा प्रीमियम लीग सीजन 1 रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में 30 से अधिक टीमो ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले में बागबहार ने बारो की टीम को हराकर जीत का सेहरा बांधा।

कोतबा हाईस्कूल मैदान में 10 दिनों तक रोजाना रात्रिकालीन क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन केपीएल सीजन 1 के सदस्यों द्वारा करवाया गया था। इसमे दूरदराज के 30 से अधिक टीमो ने हिस्सा लिया था। जिसका फाइनल मुकाबला बागबहार व बारो के बीच खेला गया बागबहार ने टॉस जीत कर बैटिंग का फैसला लिया। दूसरी ओर बारो टीम के जाबाज बॉलर ने पहली गेंद में पहला विकेट कैच आउट के रूप में लेकर बागबहार को दबाव में ले आया था।

बागबहार ने अपनी पारी में कुल 53 रन बना कर 54 रन का टारगेट दिया था। बागबहार के गेंदबाजों ने हारे हुए मैच को डिफेंस कर बेहतर प्रदर्शन अपनी गेंदबाजी में किया और बारो को रन बनाने नही दिया। 2 ओवर तक बारो अपना खाता ही नही खोल पाई थी।

बागबहार ने बारो की टीम को कड़ी शिकस्त देते हुए मैच को आसानी से जीत लिया। देर रात इनाम वितरण में बागबहार टीम को एक लाख इक्यावन हजार का पहला इनाम विकास अग्रवाल की और से प्रदाय किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को मैडल व बड़ी ट्रॉफी अजय गुप्ता की ओर से देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। वही दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली बारो की टीम को मुख्य अतिथि द्वारा इकहत्तर हजार रुपये ट्राफी व मैडल दे कर सम्मानित किया गया।

पूरे कार्यक्रम में अन्य श्रृंखला में विजेता व अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बसंत गुप्ता के द्वारा फ्रिज इनाम स्वरूप दिया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विकास अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष वीरेंद्र एक्का उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, सहित पार्षद उमाशंकर भगत, रोहित साहू, सत्यनारायण बंजारा, अरुण जांगड़े, मोहन सिदार सहित अन्य नगर के गणमान्य नागरिक व अतिथिगण समिति के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विवाहिता से दुष्कर्म, आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**जशपुरनगर।** विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी को फरसाबहार पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित विवाहिता ने 14 जून शुक्रवार को फरसाबहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, कि 27 सितंबर 23 को पीड़िता घर में अकेली थी। करीब 11.00 बजे पूर्व परिचित संतोष नायक उम्र 33 वर्ष निवासी पण्डरीपानी पीड़िता के घर अंदर घुसकर पीड़िता के पति के बारे में पूछताछ की।

पीड़िता के पति के घर पर नहीं रहने से पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 27 सितम्बर 23 से लेकर 8 मई 24 तक जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित से कई बार जबरन दुष्कर्म किया है। पीड़िता के द्वारा घटना की जानकारी अपने पति को देने पर 14 जून शुक्रवार को अपने पति के साथ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना फरसाबहार में धारा 450, 376, 376 (2) (एन), 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण दर्ज होने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी के निर्देशानुसार टीम गठित कर आरोपी संतोष नायक को दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर घटना को घटित करना स्वीकार करने पर 15 जून शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना फरसाबहार से उप निरीक्षक विवेक कुमार भगत, उप निरीक्षक सुरजन राम पोर्ते, नीरज तिर्की, ईश्वर साय एवं महिला बिरजिनिया टोप्पो, डमरूधर यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

### शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर सभाकक्ष में बैठक

# स्वच्छ व सुन्दर वातावरण में छात्र छात्राओं को दें गुणवत्तायुक्त शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते अधिकारी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार 14 जून को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी करने तथा जिले के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुन्दर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिए जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए गए है।

कलेक्टर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रारंभ से ही जिले में अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार करते हुए आवश्यक रूपरेखा बनाए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी के एस पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल सहित संकुल प्राचार्य व शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के. एस. पैकरा द्वारा शाला प्रवेशोत्सव की सभी तैयारी करने, शिक्षको की शाला में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, खेलकूद के प्रति बच्चों में रुचि लाने सहित अन्य आवशयक निर्देश दिए गए। उन्होंने हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा द्वारा शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध में एजेण्डावार सभी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए दिए गए निर्देशो का शाला स्तर पर शत-प्रतिशत अमल कराए जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के साथ पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल आदि वितरण की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल द्वारा कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक सभी पात्र छात्र-छात्राओ का शत-प्रतिशत जाति -प्रमाण पत्र बनाए जाने के लक्ष्य, पीएमश्री विद्यालय, आहतायुक्त शालाओ में वृक्षारोपण कराए जाने व 18 जून को उत्साहपूर्वक शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में एजेण्डावार शाला प्रवेशोत्सव की आवश्यक तैयारी की समीक्षा, शाला भवन परिसर की साफ-सफाई एवं रंग रोगन व मरम्मत, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण एवं सायकल वितरण की तैयारी की समीक्षा, चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं पूर्णता पर चर्चा, यू-डाईस डाटा का सत्यापन, एसएमसी, एसएमडीसी का गठन एवं बैठक आयोजन की समीक्षा आदि पर चर्चा की गई।



## खबर संक्षेप

### जिले की अंडर 19 बैडमिंटन टीम चयन प्रतियोगिता 17 से

**कोरबा।** आगामी दिनों में एक बार फिर विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी चैंपियन बनने बैडमिंटन कोर्ट में जोर-आजमाइश करते दिखाई देंगे। इसी कड़ी में जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में दो दिन बाद 17 जून को एरिना स्पोर्ट्स क्लब के कोर्ट में एक चयन स्पर्धा आयोजित की जा रही है। इस चयन स्पर्धा में अपना श्रेष्ठ प्रस्तुत करने वाले खिलाड़ी सूरजपुर में आयोजित होने वाले स्टेट टूर्नामेंट में कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करने चुने जाएंगे। चयन स्पर्धा के संबंध में कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के लिए तय कार्यक्रम और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।योनेक्स सनराइज 23वीं छत्तीसगढ़ राज्य बालक एवं बालिका (19 वर्ष से कम आयु वर्ग) बैडमिंटन प्रतियोगिता सूरजपुर में आयोजित होंगी। 24 से 28 जून के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने कोरबा के खिलाड़ियों की टीम का चयन किया जाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने कोरबा जिला बैडमिंटन संघ द्वारा नगर निगम कालोनी आवासीय परिसर स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना क्लब में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए निर्धारित आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की चयन स्पर्धा एकल वर्ग में आयोजित होगी, जिसमें शामिल होने संबंधित खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि संघ के सचिव के पास रविवार 16 जून की शाम 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे। साथ ही उन्हें अपनी सीजीबीए आईडी, जन्मतिथि का प्रमाण भी जमा करने कहा गया है।

### विशाखापट्टनम की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में चुने गए केएन कॉलेज चार खिलाड़ी

**कोरबा।** चार होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्दा पढ़ाई कर न केवल सही राह बनाई, बड़ी कंपनी में अच्छी नौकरी प्राप्त कर अपने कॅरियर को उड़ान भी दिया है। इनमें केएन कॉलेज से अनमोल लांबा, अभिषेक शर्मा, शुभम शर्मा और चित्रांश शामिल हैं। इन सभी का चयन विशाखापट्टनम में स्थित त्रिवेणी सोलर ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में हुआ है। समिति के सचिव सुरेंद्र लाम्बा एवं सह सचिव उमेश लाम्बा ने बधाई देते हुए कहा कि कार्य के शुरुआती दिनों में आने वाली परेशानियों से घबराएं नहीं, अपितु उनका डटकर सामना करें। आत्मविश्वास बनाए रखें। अभी से आने वाली परेशानियों के लिए सशक्त रूप से तैयार रहें और अपने उज्जवल भविष्य के लिए मेहनत से आगे बढ़ते रहें। मुश्किलें ही हमें आगे बढ़ने की राह सुझाती हैं। जरुरत है उन सही रास्तों की पहचान कर चलते रहने की। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ये विद्यार्थी कमला नेहरु महाविद्यालय और प्रदेश के लिए गौरव हैं।

### एसईसीएल कुसमुंडा ने जारी सूचना में कहा भूविस्थापित स्वयं होंगे जिम्मेदार

# जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजा लेने आवेदन में देरी पर नौकरी की प्रक्रिया में होगा विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



खदान प्रभावितों के जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजा लेने आवेदन में देरी करने पर नौकरी की प्रक्रिया में भी विलंब होगा। एसईसीएल कुसमुंडा एरिया प्रबंधन ने पड़निया व रिसदी के प्रभावित खातेदारों को सूचना जारी कर कहा है कि इसके लिए भूविस्थापित स्वयं जिम्मेदार होंगे। दोनों ही गांव के प्रभावित खातेदारों का मुआवजा राशि तय कर दिया गया है।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान का खोडरी, पाली, पड़निया, रिसदी की जमीन अधिग्रहित कर विस्तार किया जाएगा। एसईसीएल कुसमुंडा एरिया ने ग्राम रिसदी की 1 लाख 58 हजार 311 हेक्टेयर और पड़निया की 235.343 हेक्टेयर जमीन 29 मार्च 2010 के तहत जमीन का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) से किया गया है। पड़निया में 651 खातेदार तो रिसदी में 398 खातेदारों का मुआवजा राशि स्वीकृत किया है। जरूरी दस्तावेजों के साथ एसईसीएल कुसमुंडा एरिया मुख्यालय में प्रभावित खातेदारों को आवेदन करना होगा। ताकि तय मुआवजा राशि का भुगतान एसईसीएल कर सके। यह देखने में आया है कि मुआवजा राशि के आहरण में भूविस्थापितों के द्वारा एरिया मुख्यालय पहुंचकर आवेदन करने में देरी की जाती है। इस पर संबंधित एरिया प्रबंधन ने प्रभावित खातेदारों को सूचना जारी कर कहा है कि प्रभावित खातेदारों को मुआवजा भुगतान व परिसंपत्तियों के सर्वेक्षण बाद एसईसीएल में रोजगार देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर प्रभावित खातेदार के मुआवजा लेने आवेदन करने में देरी किया जाता है तो नौकरी की प्रक्रिया में विलंब होने पर वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रभावितों को तय समय पर मुआवजा राशि लेने कहा है।

#### जमीन अधिग्रहण नीति को सुधारे जाने कर चुके मांग

भूविस्थापितों ने जमीन अधिग्रहण नीति को सुधारे जाने की मांग कर चुके हैं। ताकि नियम व शर्तें बदलने पर छोटे खातेदारों को लाभ मिल सके। भूविस्थापित संगठनों के नेतृत्व में प्रभावितों ने कंपनी मुख्यालय के बाहर भी प्रदर्शन कर चुके हैं और कोल इंडिया के जमीन अर्जन की उस पॉलिसी को रद्द करने की मांग कर चुके हैं जिसमें छोटे खातेदार एसईसीएल में रोजगार पाने से छूट जाते हैं।

#### मुआवजा राशि में अंतर पर जता चुके हैं नाराजगी

मुआवजा राशि में अंतर पर भूविस्थापितों की नाराजगी सामने आ चुकी है। एसईसीएल कुसमुंडा के विस्तार से अधिग्रहित गांव पड़निया के नजदीक ही पाली गांव है। पाली के भूविस्थापितों ने पूर्व में यह कहकर नाराजगी जता चुके हैं कि उन्हें 10 साल पुराने बाजार दर पर मुआवजा दिया जा रहा है। बता दें कि घटते क्रम में सूची तैयार कर पात्र भूविस्थापितों को नौकरी मिलती है। इससे छोटे खातेदार नौकरी से वंचित हो जाते हैं। इनके मुआवजा राशि लेने समय रहते आवेदन नहीं करने से नौकरी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में विलंब होता है।

#### अंबिका प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू

पाली क्षेत्र के करतली में एसईसीएल कोरबा एरिया का अंबिका ओपन कास्ट परियोजना प्रस्तावित है। इससे प्रभावित खातेदारों को कोल कंपनी में नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। जिले की भूमिगत खदानें भी संचालित है जो कोरबा एरिया में है। अंबिका ओपन कास्ट परियोजना एसईसीएल कोरबा एरिया का मानिकपुर व सराईपाली के बाद तीसरी खुली खदान होगी।

# महिला के घर घुसकर सामूहिक दुष्कर्म, 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के घर में घुसकर पहले उसके देवर की बेरहमी से पिटाई की फिर 6 युवकों ने एक एक कर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस तत्काल हरकत में आयी और महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 6 आारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत महिला ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके घर पर 12 जून को उसका देवर चावल छोड़ने के लिए आया हुआ था। जो कि रात्रि होने के कारण घर पर ही रूका था कि रात्रि लगभग 10:30 से 11 बजे के मध्य अजय खैरवार, गुडुवा, गुलशन गिदौरे, गुलशन नटराज, राजेश, संदीप आये और घर के दरवाजे को खटखटाये तब महिला का देवर दरवाजा को खोला तब वे लोग उसके देवर को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे तथा उसका मोबाईल को छिन लिये तब महिला का देवर डरकर वहां से भाग गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ भी मारपीट किया गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ सामूहिक अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपी सिविल लाईन रामपुर थाना क्षेत्र निवासी राजेश कुमार गाडा उम्र 24 वर्ष पिता धनीराम गाडा, गुलशन गिदौरे पिता रामेश्वर गिदौरे, संदीप यादव उम्र 30 वर्ष पिता मोनू यादव, गुलशन नटराज उम्र 25 वर्ष पिता भागवत प्रसाद, अजय खैरवार उम्र 22 वर्ष पिता रमेश खैरवार, गुडवा उर्फ गुड्डू साहू उम्र 20 वर्ष पिता शिवाजी साहू के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 392, 376 (घ), 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# सड़कों पर बेतरतीब गाड़ी खड़े करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

**कोरबा।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार शहर की सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा करने वालों को समझाइश दी जाती है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते देर शाम को शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस ने फिर से अभियान छेड़ दिया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी एएसआई मनोज राठौर उनकी टीम द्वारा शहर में फिर से शहर के विभिन्न मार्गों में बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर वाहन लॉक करने की कार्रवाई कर जुर्माना वसूल करने की जा रही है। जांच अधिकारी एएसआई श्री राठौर ने बताया कि शुक्रवार को शहर के अलग-अलग जोन में विशेष अभियान चलाया गया जहां बेतरतीब वाहन खड़ा करने वाले चालकों के वाहनों को लॉक किया गया और उनसे जुर्माना वसूली की कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक दिन के भीतर ही शहर के अलग-अलग स्थान में लगभग दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन में लॉक करने की कार्यवाही की गई है। पुलिस का कहना है कि अभियान अब निरंतर जारी रहेगा सड़क पर यदि कोई भी वाहन खड़ा करते पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

# हाट बाजारों में घूम-घूम कर मोबाइल चोरी करने वाले झारखंडी गिरोह का पर्दाफाश

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बाजारों एवं हटरी में मोबाइल की चोरी को रोकने एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्र में बाजारों में मोबाइल फोन की चोरी के साथ साथ अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा की टीम एवं सीएसईबी चौकी पुलिस को शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीनगर कोरबा में सामुदायिक भवन के पास झारखण्ड राज्य से आये 2 युवक बहुत सारा पुराना मोबाईल फोन रखे हैं तथा बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं।

इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया तथा मुखबिर के बताए अनुसार टीम सहित तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया, जिन्होने पूछताछ पर अपना-अपना नाम महाराजपुर बाजार थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी मनोरंजन कुमार मण्डल उम्र 24 साल पिता श्रीराम मण्डल एवं बाबुपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी लोबिन कुमार महतो उम्र 28 साल पिता लक्ष्मीप्रसाद महतो बताया। जिनसे कोरबा आने जाने का कारण पूछने पर टाल मटोल करने लगे तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने गांव से आकर बाजारों में चोरी करना बताए। उनके द्वारा बुधवारी बाजार में मोबाईल चोरी करना बताए।



## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की

**बैकुण्ठपुर।** सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के समस्त राजस्व अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों तथा राजस्व वसूली के साथ निराकरण की स्थिति सहित राजस्व के विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कोरिया जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह,अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर श्रीमती अंकिता सोम, सोनहत राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर सोमेश पटेल सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संभागायुक्त को जिले के राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा राजस्व से संबंधित अन्य जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने जिले के राजस्व अधिकारियों को संभागायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करने तथा समय -सीमा में राजस्व प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

### योग दिवस पर पूर्वाभ्यास कराएंगे योग प्रशिक्षक

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित सामान्य योग अभ्यास क्रम (प्रोटोकॉल) की जानकारी एवं पूर्वाभ्यास के लिए वरिष्ठयोग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय से द्वारा दी जाएगी। योग को शरीर एवं मन के निर्माण की प्रक्रिया बताते हुए श्री उपाध्याय ने बताया कि 16 से 20 जून तक वार्ड नंबर 10 स्थित योग समिति के कार्यालय में इच्छुक प्रतिभागियों को अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित सामान्य योग अभ्यासक्रम की जानकारी एवं पूर्वाभ्यास कराया जाएगा। आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल की जानकारी देते हुए वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने बताया कि प्रोटोकॉल में सम्मिलित किए जाने वाले योग के अंतर्गत शुरूआत समभाव प्रार्थना से होगी, इसके पश्चात शिथिलीकरण में ग्रीवा चालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले आसन के अंतर्गत वृक्षासन, पाद हस्ताक्षन, अर्ध चक्रासन त्रिकोणासन,भद्रासन, शशांक आसन, वक्रासन, भुजंगासन, मकरासन एवं पीठ के बल किए जाने वाले आसन के पश्चात प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी एवं ज्ञान मुद्रा का अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से किया जाएगा।

## 6 करोड़ की राशि पेंडिंग, शहर के 24 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर

# ठेके पर संचालित सफाई व्यवस्था का नगर निगम ने एक वर्ष से नहीं किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में ठेके पर संचालित सफाई व्यवस्था कभी भी ठप हो सकती है। ऐसा इस लिए क्यों कि नगर निगम पिछले एक साल से ठेकेदारों को भुगतान नही कर पाया है। सफाई कार्य का लगभग 6 करोड़ रुपए बकाया बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारियों द्वारा शासन को समय बिल बनाकर मांग पत्र ही नही भेजा जाता है।

**खास बात**
- कभी भी ठप हो सकती है व्यवस्था

ऐसे में वहीं शासन से भी निगम को राशि मिलने में देरी हो रही हैं। ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में सफाई व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। बता दें कि शहर के 48 वार्डों में सफाई कार्य का जिम्मा दो भागों में बंटा हुआ है। शहर के 24 वार्डों की सफाई का कार्य नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा किया जाता है जबकि बाकी 24 वार्डों में सफाई कार्य ठेका प्रथा से संचालित है। नगर निगम के लगभग 100 कर्मचारियों के अलावा ठेकेदारों के 100 कर्मचारी शहर के सड़क, नालियों की सफाई का काम करते है लेकिन हैरानी की बात यह है कि पिछले 1 साल से नगर निगम ठेकेदारों का भुगतान ही नहीं किया गया है। इस दौरान ठेकेदार किसी तरह व्यवस्था बनाकर काम करते रहे लेकिन हाल ही में भुगतान नहीं होने से नाराज ठेकाकर्मियों ने हड़ताल के एलान कर दिया था जिससे बारिश से ठीक पहले सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। इस दौरान किसी तरह समझाइस देकर मामला शांत कराया गया लेकिन यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में कभी भी सफाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यदि ठेकेदार ने अपने हाथ खड़े कर दिए तो 24 वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। भुगतान नहीं होने के कारण निगम के जनप्रतिनिधि भी ठेकेदार पर सफाई के लिए दबाव नहीं बना पा रहे है।


नाली सफाई करते कर्मचारी।

### विभाग की ओर से ही नहीं भेजा गया प्रस्ताव

हैरानी की बात तो यह है कि ठेकेदारों के बिल भुगतान के लिए बिल मांग पत्र बनाकर समय समय पर शासन को भेजना होता है लेकिन नगर निगम के अधिकारियों द्वारा साल भर में एक बार बिल बनाकर भेजा जाता है ऐसे में राशि अधिक होने के कारण शासन से भी स्वीकृति मिलने में दिक्कत होती है। नियमतः यदि समय समय पर बिल का मांग पत्र बनाकर शासन को भेज दिया जाता तो राशि मिलने में भी शायद दिक्कत नहीं होती। वर्तमान में भी नगर निगम द्वारा लगभग 6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जा रहा है लेकिन इतनी बड़ी राशि एक बार में स्वीकृत होगी ऐसा संभव नजर नहीं आ रहा है।

### वार्डों से निकाला गया 50 ट्रैक्टर कचरा

बारिश के मद्देनजर शहर के वार्डों में विशेष अभियान चलाकर नगर निगम द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ननि के सफाईकर्मी नियमित रूप से वार्डों में मौजूद छोटे व बड़े नालों की सफाई कर रहे है। इस दौरान वार्डों से अब तक 50 ट्रैक्टर से अधिक कचरा निकाला जा चुका है जबकि अभी भी वार्डों में सफाई का अभियान जारी है। हालांकि ठेका व नियमित सफाईकर्मी बिना वेतन के ही अपना काम कर रहे है लेकिन आने वाले समय में निगम को सफाई के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है और इसका सीधा असर नगर निगम की जनता पर पड़ेगा।

### भेजा जा रहा है प्रस्ताव

भुगतान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। बीच में लोकसभा चुनाव से पहले कुछ राशि आई थी जिसके बाद उनके भुगतान किया गया था लेकिन फिलहाल एक वर्ष का भुगतान शेष है। प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए गए है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर


हटाया गया अतिक्रमण।

## शासकीय भूमि से हटा अतिक्रमण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तहसीलदार पटना ने ग्राम पुटा में हाईस्कूल व खेल मैदान की जमीन से अतिक्रमण हटा दिया है।

- खेल मैदान के रूप में उपयोग कर सकेंगे छात्र-छात्राएं

तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची अतिक्रमण रोधी दस्ते ने शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए अहाता को जेसीबी की मदद से ढहा दिया है। गौरतलब है कि ग्राम अंगा में शासकीय भूमि नहीं होने के चलते पड़ोस के गांव पुटा में शासकीय हाईस्कूल अंगा का निर्माण 8 वर्ष पूर्व किया गया था तथा स्कूल के खेल मैदान के प्रयोजन से शासकीय भूमि को चिन्हित किया गया था, जिस पर गांव के ही दिगंबर नाई पिता रामकृपाल नाई ने अवैध कब्जा किया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने की थी और ग्रामीणों को शिकायत के बाद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तहसीलदार उमेश कुशवाहा ने शासकीय भूमि खसरा नंबर 1249 में रकबा 1.67 हेक्टेयर को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है, ताकि उक्त शासकीय भूमि का उपयोग खेल मैदान के रूप में किया जा सके।

## नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को


न्यायाधीश ने ली अधिवक्ताओं की बैठक।

**बैकुण्ठपुर।** आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित होगी। जिसकी तैयारी को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में 14 जून को बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं की बैठक ली। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखें जाने के लिए चिन्हांकित कर सूची प्रस्तुत करने को कहा। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, बीमा कंपनी के अधिवक्ता बीपी मोहंती, आशीष गुप्ता, धर्मेश तिवारी उपस्थित रहे। विदित हो कि आगामी 13 जुलाई को होने वाले नेशनल लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-जनकपुर के न्यायालय में लंबित मामले राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों, विवाह संबंधी मामले, अन्य सिविल मामले, राजस्व से संबंधित मामले एवं मोटरयान दुर्घटना से संबंधित बीमा क्लेम के मामलों का समझौता के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

## पेज 1 का शेष...

### कॉलरी कर्मचारी ...

शिनाख्त कार्रवाई कर पंचनामा शुरू कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल पता नहीं चल सका है कि मृतक किन कारणों से आत्महत्या की है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। जांच उपरांत ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। तीन दिन के भीतर दूसरी घटना- क्षेत्र में तीन दिन में टेन से कटकर मरने की यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व 12 जून को ग्राम आनी की एक युवती अज्ञात कारणों से अंबिकापुर-शहडोल पैसेंजर ट्रेन के आने के दौरान पटरी पर लेट गई थी, जिससे कि उसका धड़ शरीर से अलग हो गया था, इसके बाद यह दूसरी घटना है जब एक कॉलरी कर्मी ट्रेन आने के दौरान पटनी के नीचे लेट गया और उसका शरीर दो हिस्सों में कट गया।

### एसईसीएल हसदेव ...

के लिए स्वच्छता अभियान विषयक निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 26 जून को सभी क्षेत्रों द्वारा 3 परिधीय ग्रामों में स्वच्छ पानी एवं जल निकायों की सफाई के लिए जागरूक किया जाएगा। 27 एवं 28 जून को रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग एवं ठोस एवं गीले कचरों के पृथक्करण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 29 एवं 30 जून को परिधीय ग्रामों में पौधों का रोपण किया जाएगा। वहीं 30 जून को स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा का समापन होगा।























